
# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## Telegram ने लॉन्च किया 200 लोगों के साथ फ्री और सिक्योर वीडियो कॉल का फीचर, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़ा।

Publisher Published on 05 May 2025




**टेलीग्राम अब सिर्फ एक मैसेजिंग ऐप नहीं रह गया, बल्कि अब यह एक सुरक्षित वीडियो कॉलिंग प्लेटफॉर्म और बिजनेस टूल बनता जा रहा है.**

टेलीग्राम ने अपने यूजर्स को बड़ा तोहफा दिया है. दरअसल अब आप टेलिग्राम पर एक साथ 200 लोगों को जोड़ते हुए फ्री और सुरक्षित यानी एन्क्रिप्टेड ग्रुप वीडियो कॉल कर सकते हैं. इस ऐप का यह नया फीचर सीधे तौर पर 'गूगल मीट और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स' के लिए कॉम्पटीशन पैदा कर सकता है, क्योंकि इन दोनों जगह अभी इतनी बड़ी संख्या में फ्री कॉल की सुविधा नहीं मिलती है.

क्या है इस नए फीचर में खास ?
टेलीग्राम ने पहले सबसे पहले साल 2021 में ग्रुप कॉलिंग की शुरुआत की थी, लेकिन अब इसमें नया ट्विस्ट जोड़ दिया गया है, और वह है 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन', यानी आपकी बातचीत पूरी तरह से सुरक्षित रहेगी और कोई तीसरा इसे नहीं सुन सकता.

इस वीडियो कॉल सर्विस की सबसे अच्छी बात ये है कि अब कॉल करने के लिए पहले से ग्रुप बनाना जरूरी नहीं है. आप सीधे कॉल शुरू कर सकते हैं, दूसरों को लिंक या QR कोड भेजकर जोड़ सकते हैं और बातचीत के दौरान ऑडियो, वीडियो या स्क्रीन भी शेयर कर सकते हैं.

कैसे पता चलेगा कि कॉल सुरक्षित है ?
जब आप कॉल पर जुड़ेंगे, तो आपको स्क्रीन पर चार इमोजी दिखाई देगा. इन्हें कॉल करने वाले आपस में मिलाकर देख सकते हैं, अगर इमोजी मैच कर रहे हैं, तो समझिए आपकी कॉल 100% सुरक्षित है.

टेलीग्राम का कहना है कि इसकी टेक्नोलॉजी इतनी मजबूत है कि पिछले 10 सालों में कोई भी इसे हैक नहीं कर पाया है, जबकि कंपनी ने हैक करने वाले को $100,000 (लगभग ₹84 लाख) का इनाम भी रखा हुआ है.

बिजनेस यूजर्स के लिए भी खुशखबरी

टेलीग्राम ने अपने 'प्रीमियम बिजनेस अकाउंट्स' के लिए भी कई नए टूल्स लॉन्च किए हैं. अब कंपनियां अपने अकाउंट में AI बॉट्स जोड़ सकती हैं, जो खुद से मैसेज भेजने, प्रोफाइल अपडेट करने, ट्रांजैक्शन संभालने और स्टोरी पोस्ट करने जैसे काम कर सकते हैं. बॉट्स को कितनी आज़ादी देनी है, ये भी कंपनियां खुद तय कर सकती हैं.

नियम तोड़ा तो मिलेगी अपील करने की सुविधा

अगर किसी यूजर का अकाउंट किसी नियम उल्लंघन के कारण सस्पेंड या फ्रीज कर दिया जाता है, तो अब वो सीधे ऐप के अंदर से ही अपील कर सकता है. अगर अपील सही पाई गई, तो अकाउंट से सभी बैन हटा दिए जाएंगे.

टेलीग्राम ने ऐप को और यूजर-फ्रेंडली बनाया है. अब आप किसी मैसेज को बस शेयर बटन खींचकर फॉरवर्ड कर सकते हैं. iPhone यूजर्स के लिए एक और नया शॉर्टकट आया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.